प्रजापति हितकारणी महासभा (रजि.)

(हमारा प्रयास सशक्त एवं आत्मनिर्भर भारत) (रजि.क्रं. 02/42/01/24789/20)

प्रजापति हितकारणी महासभा के उद्देश्य

- आजादी के 72 वर्ष में मध्यप्रदेश के सम्पूर्ण प्रजापति समाज की विकास की दशा एवं दिशा को जानने हेतु **सामाजिक सर्वेक्षण एवं जनगणना** करवाना।
- संस्था को संगठित कर प्रदेश व अन्य प्रदेशों व देश की स्वजातीय संस्थाओं से सम्पर्क स्थापित करना, सबको एकता के सूत्र में बाँधना, **दहेज प्रथा, मद्यपान, बाल विवाह, मृत्युभोज** आदि **कुरीतियों** को दूर करने का प्रयास एवं सहयोग का आदान प्रदान करना।
- प्रजापति समाज के **गौरवशाली इतिहास** एवं **महापुरुषों,** समाज के वरिष्ठ समाजसेवियों के योगदान से हमारी भावी पीढ़ी को परिचय करवाना। समाज के महापुरुषों की जयंती, पुण्यतिथियों पर कार्यक्रम आयोजित करना।
- समाज के विवाह योग्य युवक युवतियों हेतु **वैवाहिक पत्रिका** व **परिचय सम्मेलन** एवं शादी में फिजूलखर्ची रोकने के लिये **सामूहिक विवाह समारोहों** का आयोजन करना।
- मेधावी छात्र- छात्राओं को पुरस्कृत करना। प्रतिवर्ष **सांस्कृतिक** एवं **खेलकूद** प्रतियोगिताओं का आयोजन करना व समाज के युवाओं को उच्च शिक्षा, रोजगार नौकरी हेतु **प्रशिक्षण एवं कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम** आयोजित करना।
- प्रजापति समाज को उसकी जनसंख्या के आधार पर राजनैतिक प्रतिनिधित्व दिलाना।
- शासन की लाभकारी योजनाओं के माध्यम से समाज को लाभान्वित करवाना।
- आकस्मिक आपदा विपदा तत्काल सहायता हेतु **प्रजापति सामाजिक सहायता प्रकोष्ठ** की स्थापना करना।
- परम्परागत पैतृक कुम्हारी मिट्टी कला, उद्योग धन्धों को **आधुनिकीकरण** के रूप में विकसित करना एवं प्रकृति को बचाने माटी कला का प्रचार प्रसार करना।
- संगठन द्धारा प्रतिवर्ष समाज के सभी वर्गों के गौरवों को **"प्रजापति रत्न"** से सम्मानित करना।
- निःशुल्क **चिकित्सा** शिविर एवं **रक्तदान** शिविरों का आयोजन करना।
- "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ समाज को विकसित बनाओ" के नारे को सार्थक करना, समाज में ज्यादा से ज्यादा **कन्या शिक्षा** पर जोर देना। नारी का अस्तित्व प्राचीनकाल से है, नारी के बिना इस पुरुष समाज का अस्तित्व नगण्य है अतः समाज में नारी पूज्यनीय हो। **महिला सशक्तिकरण** के कार्यक्रम का आयोजन करना।

Created with
PDFBear.com